लोक सभा अध्यक्ष ने गुरूनानक जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं ।

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने गुरूनानक जयंती के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहा है

"गुरूनानक देव जी सद्भाव और सहिष्णुता के संदेशवाहक थे । उन्होंने जीवनपर्यंत सबकी समानता के विचार को बढ़ावा देने का प्रयास किया और उनके उपदेश समाज में शांति और न्याय की स्थापना के मिशन को समर्पित हैं । इस पावन पर्व पर गुरूजी का भाइचारे और एकता का शाश्वत संदेश हमें संपूर्ण विश्व और इसके वासियों के साथ समान व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। मैं आशा करती हूं कि इस वर्ष गुरू नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर भाईचारा और सद्भाव बढ़ेगा और यह सभी के लिए शांति और समृद्धि लेकर आएगा । "